प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

गिनीज बुक रिकॉर्ड

राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर एम.एस.एम.ई. फेस्ट–2026 में प्रदर्शित हिमाचल के कारीगरों द्वारा हस्तनिर्मित शॉल को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। फेस्ट में चार हजार 23 शॉलों को प्रदर्शित किया गया जिसे प्रदेश के हस्तशिल्प को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस फेस्ट के माध्यम से स्थानीय उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों और कारिगरों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है। यह फेस्ट ग्रामीण, पारंपरिक और स्थानीय एमएसएमई उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में सहायक सिद्व होगा। विशेषकर महिला उद्यमियों कारिगरों और नवोदित स्टार्टअप के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

चुनाव आयोग– ऐप

चुनाव आयोग ने ई.सी.आई–नेट ऐप में सुधार के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। इस ऐप पर लोग अपने जवाब 10 जनवरी तक दे सकते हैं। आयोग ने मतदाताओं को बेहतर सेवाएं और चुनाव संबंधी जानकारी देने के लिए ये डिजिटल मंच बनाया है। चुनाव आयोग के अनुसार ऐप का परीक्षण संस्करण बेहतर मतदाता सेवाएं, मतदान प्रतिशत रुझानों की त्वरित उपलब्धता और मतदान समाप्त होने के 72 घंटों के भीतर सूचकांक कार्डों का प्रकाशन करता है। इस ऐप का हाल ही में हुए बिहार विधानसभा चुनाव और उसके बाद हुए उपचुनावों के दौरान सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। आयोग ने कहा कि लोगों से प्राप्त सुझावों की जांच की जाएगी और उपयोगकर्ताओं के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए उन्हें इसमें शामिल किया जाएगा।

वीबी–जी राम जी

विकसित भारत–गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी–जी राम जी का उद्देश्य ग्रामीण रोजगार को विकसित भारत 2047 के दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ जोड़ना, जवाबदेही को सुदृढ़ करना और आय सुरक्षा सुनिश्चित करना है। जनजातीय जिला किन्नौर की योजना की लाभार्थी प्रोमिला ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के वीबी–जी राम जी में बदलने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि वीबी–जी राम जी से गरीब और जरूरतमंद परिवारों को रोजगार मिल रहा है। योजना के तहत 125 कार्यदिवस तय किए गए हैं इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और लोगों की आर्थिकी में सुधार होगा।

मै प्रोमिला नेगी केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा जी राम जी को मजबूत किये जाने के फैसले का स्वागत करती हूं। मैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का भी धन्यवाद करती हूं। जिन्होंने जी राम जी के तहत के काम के दिनों को बढ़कार 125 दिन कर एक सराहनीय कदम उठाया है। किन्नौर जैसे दूर दराज और पहाड़ी इलाकों में जी राम जी से लोगों को अपने गांव में ही काम मिलेगा।

जनगणना

मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने कल शिमला में वर्चुअल माध्यम से जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की। जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक दीप शिखा शर्मा ने जनगणना–2027 के लिए डिजिटल रोड़मैप और संचालन ढांचे के संबंध में रूपरेखा पेश की। बैठक के दौरान विभागों ने जनगणना के सुचारू संचालन के लिए पूर्ण समर्थन और सहयोग देने का आश्वासन दिया।

प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना

जनजातीय जिला किन्नौर में प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना किसानों और बागवानों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। योजना के अंतर्गत किन्नौर जिले के 55 किसानों और बागवानों को सिंचाई सुविधाओं के लिए 80 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया गया है। योजना के तहत किसानों को आधुनिक सिंचाई उपकरण उपलब्ध हुए हैं, जिससे पानी की बचत के साथ–साथ फसलों की गुणवत्ता और पैदावार में भी सुधार होगा।

प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जिले में टपक सिंचाई और फवारा सिंचाई जैसी आधुनिक जल–संरक्षण तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे कम पानी में अधिक उत्पादन संभव हो सके। योजना के अंतर्गत किन्नौर जिले के 55 किसानों और बागवानों को सिंचाई सुविधाओं के लिए 80 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया गया है। इन लाभार्थियों को कुल 15 लाख 13 हजार 7 सौ 36 रुपये की सहायता राशि वितरित की गई है। टपक और फवारा सिंचाई प्रणाली से सेब, मटर, आलू और अन्य नकदी फसलों की खेती में बेहतर परिणाम मिलेंगे। साथ ही, पहाड़ी और शुष्क क्षेत्रों में पानी की कमी की समस्या से भी काफी हद तक राहत मिलेगी। आकाशवाणी के लिए किन्नौर से सुमेश नेगी...........

चुराह–सब्जी मंडी

चंबा जिला के चुराह में 57 लाख रुपए से नई सब्ज़ी मंडी का निर्माण पूर्ण हो गया है। इस सब्जी मंडी को शीघ्र ही लोकार्पण किया जाएगा। स्थानीय किसानों–बागवानों में इस मंडी के बनने को लेकर खासा उत्साह है। इस सब्जी मंडी में स्थानीय किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए बेहतर और संगठित मंच मिलेगा। कृषि उत्पाद व विपणन समिति के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने कल नव निर्मित सब्ज़ी मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने बुनियादी सुविधाओं, निर्माण कार्य की प्रगति और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मौसम

प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हुए हल्के हिमपात और मैदानी इलाकों में बारिश के कारण राज्य में शीतलहर का प्रकोप जारी है। कल दोपहर बाद कुल्लू, मनाली तथा लाहौल की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई। रोहतांग दर्रे के साथ बारालाचा, शिंकुला तथा कुंजम दर्रे सहित पीर पंजाल की पहाड़ियों पर भी हल्की बर्फबारी का समाचार है। मौसम विज्ञान केंद्र ने 7 जनवरी तक प्रदेश के ऊना, बिलासपुर हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, सोलन और सिरमौर जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।